# प्रेस नोट

## EOW जबलपुर द्वारा जगदीश प्रसाद सरवटे, उप आयुक्त, आदिम जाति कल्याण विभाग, परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण, जबलपुर के जबलपुर, भोपाल स्थित आवासों पर अनुपातहीन संपत्ति के अपराध में छापा कार्यवाही

---



आरोपी जगदीश प्रसाद सरवटे, उप आयुक्त, आदिम जाति कल्याण विभाग, परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण, जबलपुर एवं अतिरिक्त प्रभार, सागर निवासी शंकर शाह नगर रामपुर, जबलपुर.

**अपराध :–** आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ, जबलपुर द्वारा जगदीश प्रसाद सरवटे, उप आयुक्त, आदिम जाति कल्याण विभाग, परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण, जबलपुर के विरूद्ध भ्रष्टाचार से करोड़ों रूपये की असमानुपातिक संपत्ति अर्जित करने की शिकायत के सत्यापन उपरांत शिकायत में आरोप प्रथम दृष्टया सही पाये जाने पर आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक–111/25 अंतर्गत् धारा 13(1) (बी), 13(2) भ्र.नि.अ. 1988 संशोधित 2018 पंजीबद्ध किया गया है ।



**सर्च :–** आज दिनांक 22/7/25 को ई.ओ.डब्ल्यू., जबलपुर के द्वारा आरोपी के 1–जबलपुर स्थित शंकर शाह नगर रामपुर के शासकीय आवास, 2–भोपाल स्थित बाग मुगलिया स्वयं के मकान, 3–अधारताल, जबलपुर स्थित पैतृक मकान में सर्च हेतु 3 टीमों का गठन किया गया एवं सागर स्थित शासकीय आवास की सर्च कार्यवाही सागर ईकाई की टीम द्वारा की जा रही है । गठित तीनों टीमों द्वारा वर्तमान में सर्च की कार्यवाही की जा रही है । तीनों स्थानों पर एक साथ प्रातः छापे की कार्यवाही की गई ।

## संपत्ति का विवरण :–

जगदीश प्रसाद सरवटे, उप आयुक्त, आदिम जाति कल्याण विभाग, एवं उसके परिजनों के नाम से दस्तावेजों के आधार पर संपत्तियों की जानकारी निम्नलिखित प्राप्त हुई है :–

**1–जबलपुर स्थित शंकर शाह नगर रामपुर का शासकीय आवास :–**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | शंकर शाह नगर रामपुर, जबलपुर स्थित शासकीय आवास की तलाशी पर नगद | 7,06,300/–रूपये |
| 2. | 2. घरेलू सामान की इन्वेंट्री | 20,41,594/–रूपये |
| 3. | 17 अचल संपत्तियाँ कीमत | 3,17,00,000/–रूपये |
| 4. | 56 मंहगी शराब की बोतलें कीमत | 1,08,740/–रूपये |
| 5. | 10 संपत्तियाँ माँ के नाम पर | मूल्यांकन किया जा रहा है । |
| | जप्त शराब के संबंध में पृथक से कार्यवाही की जा रही है । | |

**2–भोपाल स्थित बाग मुगलिया स्वयं का मकान :–**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | आरोपी का भोपाल स्थित बाग मुगलिया स्वयं के मकान पर प्राप्त नगद राशि | 1,29,000/–रूपये |
| 2. | मकान एवं लॉकर से प्राप्त सोने के जेवर | 14,99,990/–रूपये |
| 3. | चांदी के जेवर | 1,36,000/–रूपये |
| 4. | पंजाब नेशनल बैंक की एफ.डी | 1,50,000/–रूपये |

5. घरेलू सामान की इन्वेंट्री — 23,00,000/–रूपये
6. 03 वाहन — 8,43,000/–रूपये
(एक सेंट्रो कार 7,00,000/–रूपये,
एक मोटर साइकिल 93,000/–रूपये,
एक स्कूटर 50,000/–रूपये),
7. बाग मुगलिया का एआईजी 133 मकान कीमत — 7,82,000/–रूपये,
8. बाग मुगलिया का एक अन्य फ्लैट — 29,50,000/–रूपये,
9.एलआईसी व एसबीआई लाइफ में निवेश — प्राप्त रसीदों की गणना की जा रही है
10. होशंगाबाद रोड, भोपाल में कोरलवुड बिल्डिंग में एक फ्लैट — इन्वेंट्री बनाया जाना शेष है

3–अधारताल, जबलपुर स्थित पैतृक मकान :–

1. पैतृक मकान 3300 वर्ग फुट — 1,50,00,000/–रूपये
2. आरोपी एवं उसके भाई राजा सरवटे के नाम पर — 6,51,000/–रूपये
3. एक प्लॉट कीमत
4. बीमा कंपनियों में निवेश एवं आरोपी व उसकी माँ के — मूल्यांकन किया जाना शेष है ।
5. संयुक्त नाम पर एक बैंक लॉकर

**अब तक की कार्यवाही में आरोपी की कुल 5,89,95,624/–रूपये की अनुपातहीन संपत्ति उजागर हुई है**

आरोपी के निवासों पर प्राप्त दस्तावेज, आभूषण, बैंक खातों एवं नगद राशि आदि से संबंधित सर्च अभी जारी है । कार्यवाही के दौरान और अधिक संपत्ति मिलने की संभावना है । अभी तक प्राप्त जानकारी/दस्तावेज एवं विवरण के आधार पर बहुमूल्य संपत्ति होने का अनुमान है ।













404